हरिभूमि
नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 6 अगस्त 2026
नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 बारिश में हादसों का कारण बन सकते हैं...



07 खेतों में टूटा करंटयुक्त बिजली तार बाल-बाल...



खबर संक्षेप

पचमढ़ी नागद्वारी मेला के लिए किराया तय

नर्मदापुरम। प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी पचमढ़ी में प्रसिद्ध नागद्वारी मेला आयोजित किया जा रहा है। मेला 7 अगस्त से 17 अगस्त तक चलेगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए परिवहन विभाग मध्यप्रदेश शासन ने मेला अवधि में चलने वाले सामान्य प्रक्रम वाहनों का प्रति यात्री किराया अधिसूचित किया है।

2 निर्माण कार्यों के लिए राशि स्वीकृत

नर्मदापुरम। नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतासरन शर्मा की अनुशंसा पर कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा विधायक निधि से 2 निर्माण कार्यों के लिए 3 लाख 25 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीरकृति जारी की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नर्मदापुरम विधायक डॉ. शर्मा की अनुशंसा पर जनपद पंचायत नर्मदापुरम के ग्राम सोनासांवरी हरिजन मोहल्ले में सार्वजनिक चबूतरे पर छत निर्माण के लिए 2 लाख रूपये एवं जनपद पंचायत नर्मदापुरम के ग्राम कुलामडी में यात्री प्रतीक्षालय के लिए 1 लाख 25 हजार रूपये की प्रशासकीय स्वीनकृति प्रदान की गई है।

पुलिस चला रही अभियान रहें सावधान लेकिन फिर भी लोग हो रहे ठगी का शिकार

क्रेडिट कार्ड के नाम से निकाले 68 हजार क्यूआर कोड से ट्रांसफर किए 1.25 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर सहित जिले भर में साइबर ठगों का जाल फैला है। आए दिन पर्सनल लोन, क्रेडिट कार्ड, क्यूआर कोड, केवाईसी , पेंशन कार्ड, फीस जमा करने, जानवर खरीदने सहित अन्य मामलों में लोग साइबर ठगी के शिकार हो रहे हैं। पुलिस प्रशासन लगातार लोगों को सतर्क कर रहा है।

अभियान चल रह हैं लेकिन इसके बाद भी लोग इनके झांसे में आ रहे हैं। हाल ही में शहर के देहात थाना अंतर्गत विनायक रेजिडेंसी हरदा बाइपास पर एक युवक से पर्सनल लोन का बोलकर फाइल चार्ज के नाम पर 1 लाख 7 हजार ठगों ने ले लिए। वहीं कोतवाली थाना अंतर्गत नर्मदा बिहार में क्रेडिट कार्ड के नाम से नगदी 68000 निकाल लिए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसके साथ ही पथरोटा थाना अंतर्गत आर्डिनेंस फैक्ट्री में क्यूआर कोड से 1 लाख 25 हजार 148 रुपए एक युवक के खाते से ट्रांसफर कर लिए। पुलिस तलाश कर रही है।

शहर में लगातार साइबर अपराध की घटनाएं सामने आ रही है। वहीं पुलिस द्वारा भी लगातार कार्रवाई की जा रही है।

खास बातें

- शहर सहित जिले भर में बढ़ रहें हैं साइबर क्राईम के केस
- पुलिस का कहना, लोगों में जागरूकता की है कमी



पुलिस ने की नागरिकों से अपील

पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि अपना ओटीपी, यूपीआई पिन, एटीएम पिन या बैंक पासवर्ड किसी भी व्यक्ति के साथ साझा न करें। प्रत्येक ऑनलाइन अकाउंट के लिए अलग और मजबूत पासवर्ड रखें, जिसमें अक्षरों के साथ अंक और स्पेशल कैरेक्टर का भी उपयोग करें। साथ ही सोशल मीडिया और ई-मेल खातों पर टू-स्टेप वेरिफिकेशन अवश्य सक्रिय रखें। पुलिस ने बताया कि लॉटरी, इनाम या नौकरी का लालच देकर भेजे जाने वाले संदिग्ध लिंक, एसएमएस, व्हाट्सएप संदेश या ई-मेल पर क्लिक नहीं करने की सलाह दी। इसके अलावा रेलवे स्टेशन, कैफे या अन्य सार्वजनिक स्थानों पर उपलब्ध मुफ्त वाई-फाई का उपयोग बैंकिंग लेन-देन या ऑनलाइन खरीदारी के लिए नहीं करने की बात कही।यदि कोई व्यक्ति बैंक अधिकारी, पुलिस या बिजली विभाग का कर्मचारी बनकर फोन पर डराने या गोपनीय जानकारी मांगने का प्रयास करें।

अलग-अलग नाम से दस्तावेज लगाकर सिम बेचने वाला पकड़ाया

पुलिस अधीक्षक साईं कृष्णा के मार्गदर्शन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) जितेंद्र पाठक के निर्देशन में थाना प्रभारी कोतवाली गौरव सिंह बुंदेला के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस द्वारा फर्जी सिम बेच कर धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई। अप्रैल माह से फरार चल रहे आरोपी जय कुमार भाटिया को मुखबिर तंत्र के आधार पर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई। आरोपी कोतवाली थाने के अलावा, नर्मदापुरम के थाना देहात के अप.क्र 327/26 में भी जून माह से लगातार फरार चल रहा था। आरोपी जय कुमार व्दारा फर्जी केवाईसी के माध्यम से विभिन्न व्यक्तियों के नाम से मोबाइल सिम जारी की गईं तथा एक ही व्यक्ति के फोटो का उपयोग कर अलग-अलग नाम और पहचान दस्तावेजों के उपयोग कर धोखाधडी पूर्वक सिम बेची गयी थी। मुख्य भूमिका निरी गौरव सिंह बुंदेला, उनि वंशज श्रीवास्तव, आर. पंकेश बघेला की रही।

तार अहाता में जूते चप्पल की होलसेल दुकान में लगी आग

मौके पर विधायक शर्मा भी पहुंचे





हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

शहर के मेन मार्केट में स्थित हलवाई चौक के पास तार अहाता रोड पर होटल श्याम जी के बाजू में स्थित एक जूते चप्पल की दुकान में आग लग गई, जिससे आसपास के क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई। लोग इधर-उधर भागते नजर आए। आनन फानन में फायर ब्रिगेड को फोन किया गया।

आग लगने का कारण अज्ञात

स्थानीय लोगों ने तत्काल आग बुझाने का प्रयास किया तथा घटना की सूचना फायर ब्रिगेड को दी। अभी आग लगने का स्पष्ट कारण पता नहीं चल पाया है। मौके पर विधायक डॉक्टर सीताशरण शर्मा भी पहुंचे। बताया जाता है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी होगी, लेकिन अभी स्पष्ट नहीं है। आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल था। यूनियन बैंक के पास अग्रवाल बूट हाउस जूते-चप्पल की होलसेल की दुकान में यह हादसा हुआ।

लंच में गए थे संचालकर तभी लगी थी आग

होलसेल दुकान के संचालक सत्यम अग्रवाल है और किराए के मकान में है दुकान संचालित की जा रही थी। उनका कहना है कि वह लंच में चले गए थे और फिर उन्हें दुकान में आग लगने की खबर मिली। लगभग 10 से 15 लाख रुपए का नुकसान होना बताया जाता है। दुकान पूरी तरह जल गई और फर्स्ट फ्लोर पर भी मकान मालिक के कमरे को नुकसान पहुंचा है जूते चप्पल पूरी तरह खाक हो गए।

संसदीय स्थायी समिति की बैठक में शामिल हुईं नारोलिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



संसद भवन एनेक्सी में आवास और शहरी मामलों की संसदीय स्थायी समिति की 23वीं बैठक आयोजित हुई। बैठक में मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद एवं समिति सदस्य माया नारोलिया ने हिस्सा लिया।

बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष ने की। बैठक में 'अमृत' मिशन के तहत शहरी पेयजल योजनाओं की प्रगति और क्रियान्वयन की समीक्षा की गई। साथ ही, आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय की वर्ष 2026-27 की अनुदान मांगों पर सरकार द्वारा की गई कार्रवाई संबंधी ड्राफ्ट रिपोर्ट पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया, जिसे समिति ने सर्वसम्मति से अपनाया। इसके अलावा, सरकारी आवासीय कॉलोनियों के पुनर्विकास तथा सरकारी आवासों की संख्या बढ़ाने के उपायों को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों ने समिति के समक्ष विस्तृत प्रस्तुति दी।

साइकिल दुकान संचालक पर चाकू से हमला करने वाले 3 आरोपी हुए गिरफ्तार, निकाला जुलूस

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मालवीय गंज स्थित साइकिल दुकान संचालक पर पुरानी रंजिश के चलते चाकू से हमला करने वाले तीन शातिर आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वारदात के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों आरोपियों का शहर में पैदल जुलूस निकाला, जहां आरोपियों से नारे लगवाए गए। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, हमला स्कूली समय की पुरानी रंजिश के चलते किया गया था। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए तीनों नामजद आरोपियों को हिरासत में लिया है जिनमें, नीरज उर्फ आशु पिता चंद्रभान, उम्र 19 वर्ष निवासी बूढ़ी माता मंदिर के पास, इटारसी, श्यामू उर्फ साहिल भाट पिता उत्तम भाट, उम्र 21 वर्ष निवासी झुग्गी बस्ती, न्यास कॉलोनी, इटारसी और मयंक भाट (पिता मोहनलाल



भाट, उम्र 22 वर्ष निवासी भाट मोहल्ला, इटारसी। आरोपियों के मन से कानून का खौफ पैदा करने और आम जनता में सुरक्षा का संदेश देने के उद्देश्य से पुलिस ने मुख्य मार्ग से जुलूस निकाला। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

गर्ल्स कॉलेज इटारसी में मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान पर समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

स्थानीय शासकीय कन्या महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार 'मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026' के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बुधवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. एस. मेहरा ने की, जिसमें संस्था का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। प्राचार्य डॉ. मेहरा ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य उच्च शिक्षा में पारदर्शिता लाना, छात्राओं की उपस्थिति



बढ़ाना और सी.एम. हेल्पलाइन व लोक सेवा गारंटी के मामलों का समय-सीमा में शत-प्रतिशत निराकरण करना है।

कार्यक्रम संचालक डॉ. शिरीष परसाई ने रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि यह अभियान 7 अगस्त 2026 से 8 जनवरी 2027 तक चलेगा। इसके तहत कॉलेज स्तर की किसी भी समस्या का समाधान 5 दिन के भीतर किया जाएगा, जबकि उच्च स्तर के मामले 2 दिन में वरिष्ठ अधिकारियों को भेजे जाएंगे।

पुलिस ने तत्परता से युवती को निकाला

नर्मदापुरम। शहर के समीपस्थ सोहागपुर थाना पुलिस को एक महिला द्वारा फांसी लगाने की सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी सोहागपुर निरीक्षक गिरीश त्रिपाठी के निर्देशन में एएसआई वरुण सिंह, आरक्षक क्रमांक मनोहर दायमा एवं महिला आरक्षक क्रमांक नेहा रघुवंशी तत्काल तिवारी कॉलोनी स्थित नरेश ठाकुर के निवास पर पहुंचे। पुलिस टीम द्वारा पीड़िता को कई बार आवाज लगाई गई, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया प्राप्त नहीं हुई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आरक्षक मनोहर दायमा द्वारा दरवाजा तोड़कर प्रवेश किया गया। इसके पश्चात महिला आरक्षक नेहा रघुवंशी द्वारा युवती को सुरक्षित बाहर निकाला गया तथा आवश्यक समझाइश दी गई। पुलिस टीम की कार्यवाही से संभावित अप्रिय घटना को टालते हुए युवती को सुरक्षित बचा लिया गया।

मूंग भंडारण: चाबी के खेल में धांधली की फिर सुगबुगाहट

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

मप्र वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के जिला प्रबंधक वासुदेव दवंडे पर भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के आरोप में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया है। एफआईआर दर्ज होते ही प्रबंधक दवंडे फरार हो गए हैं। उन पर वेयरहाउस संचालकों से सांठगांठ कर मूंग खरीदी व भंडारण में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी करने के आरोप हैं, जिसकी शिकायतें लंबे समय से सामने आ रही थीं। शासकीय कार्य प्रभावित न इसलिए क्लर्क को कमान दी गई है। प्रबंधक के फरार होने से वेयरहाउसों का प्रशासनिक कार्य पूरी तरह ठप पड़ गया था।

सरकारी कामकाज और व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए प्रशासन ने कॉरपोरेशन में मूल रूप से क्लर्क पद पर पदस्थ भारत यादव को जिले के सभी वेयरहाउसों का प्रभार सौंपा है।

फिर धांधली की संभावना

सूत्रों के अनुसार, मूंग खरीदी से जुड़े लोगों के साथ संपर्क साधकर वही पुराना ढर्रा फिर शुरू कर दिया गया है। वेयरहाउसों की चाबियां सुबह जारी की जाती हैं और देर रात 10 बजे लौटाई जाती हैं। चाबियों की इसी आवाजाही और देर रात तक ताले खुलने के 'खेल' में मूंग खरीदी के नाम पर एक बार फिर बड़े पैमाने पर धांधली किए जाने की आशंका जताई जा रही है।

राज्य शिक्षक संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

नर्मदापुरम। शहर में 6 जुलाई को होने वाली बीएसी और सीएसी के रिक्त पदों पर होने वाली काउंसलिंग पर रोक लगाने की मांग की गई है। काउंसलिंग पर रोक लगाने एवं सामान्य प्रशासन विभाग एवं राज्य शिक्षा केंद्र के ट्राइबल वेलफेयर टीचर्स एसोसिएशन की जिला अध्यक्ष एवं राज्य शिक्षक संघ की महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष सुषमा मौर्य जिला उपाध्यक्ष मोनिका जोशी एवं जिला अध्यक्ष उमेश ठाकुर एवं समग्र शिक्षक संघ के प्रदेश महा मंत्री जे पी शुक्ला एवं पदाधिकारियों द्वारा इस संबंध में आयुक्त कलेक्टर, जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक,एवं सहायक आयुक्त जन जातीय विभाग नर्मदापुरम को ज्ञापन सौंपा।

मंडी की आय वृद्धि के लिए व्यापारी संगठन ने सौंपा सुझाव पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

कृषि उपज मंडी इटारसी में बुधवार को आयोजित राज्य स्तरीय बलराम कृषि महोत्सव के दौरान व्यापारी संगठन ने नर्मदापुरम जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह को एक 6 सूत्रीय सुझाव पत्र सौंपा।

इस अवसर पर मंच पर सांसद दर्शन सिंह चौधरी, क्षेत्रीय विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा, विधायक विजयपाल सिंह, विधायक प्रेमशंकर वर्मा एवं विधायक ठाकुरदास नागवंशी विशेष रूप से उपस्थित रहे। व्यापारियों ने यह सुझाव कृषि व्यापार को बढ़ावा देने और मंडी की आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से दिए। इस दौरान व्यापारियों ने अपनी मांगों को जनप्रतिनिधियों को विस्तार से बताया।

संगठन की 6 मांगें व सुझाव

- **नवीन तौल कांटा:** मंडी में व्यापारिक सुगमता के लिए 20 टन क्षमता का एक और नवीन इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा शीघ्र लगाया जाए।
- **अस्थाई शेड आवंटन:** उपज के सुरक्षित भंडारण और थप्पी लगाने के लिए व्यापारियों को अस्थाई शेड आवंटित किए जाएं।
- **ऑफिस-कम-गोदाम लीज:** मंडी शेड में व्यापारियों को ऑफिस-कम-गोदाम हेतु लीज पर अस्थाई जगह मिले, जिससे कृषकों को तत्काल भुगतान, बारदाना, सुतली व तौल कांटे सुरक्षित रखे जा सकें।
- **सीसीटीव्ही कैमरे:** मंडी परिसर में अनैतिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु हाई-डायमेंशन सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।



रिपोर्ट की बाध्यता समाप्त:

जब ई-पोर्टल पर 24 घंटे क्रय-विक्रय का ब्योरा उपलब्ध रहता है, तब अलग से पाक्षिक रिपोर्ट और वार्षिक विवरणी जमा करने की अनिवार्यता खत्म की जाए। साथ ही व्यापारियों ने कहा कि सरकारी वेयरहाउस की तर्ज पर ई-पोर्टल में 2% तक नमी व सूखत संशोधन की सुविधा प्रदान की जाए।

व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

सुझाव पत्र सौंपने के दौरान व्यापारी संगठन के वरिष्ठ व्यापारी अनिल राठी, अक्कू ओसवाल, हिमांशु बाबू अग्रवाल, अनिल मित्तल, वैभव शर्मा, दीपक मालवीय, गुड्डा अग्रवाल, आशीष दुबे, अशोक शर्मा एवं मनोज रामजी लाल अग्रवाल सहित अन्य सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

नगर पालिका ने कार्रवाई कर नाली से हटाया अतिक्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर के निर्देश पर नगरपालिका की टीम द्वारा नाली पर हुए अतिक्रमण पर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान नाली पर किए गए अतिक्रमण नगरपालिका की टीम द्वारा हटाया गया। साथ ही दो पक्षों के विवाद को सुलझाने के लिए मौका ए मुआयना भी किया गया।

स्वच्छता नोडल अधिकारी अनुराग तिवारी ने बताया कि जनसुनवाई में पहुंची शिकायत के निराकरण पर वार्ड क्रमांक 30 में अतिक्रमण कर नाली पर कब्जा किया गया था। जिसे हटाया गया। कार्रवाई के दौरान मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख, तहसीलदार सुनील शर्मा, आरआई गजेंद्र जाट उपस्थित थे। तिवारी ने बताया कि वहीं दो पक्षों में जगह को लेकर चल रहे विवाद की स्थिति में स्थल का निरीक्षण किया गया। साथ ही उन्हें नगरपालिका कार्यालय में समस्त दस्तावेज के साथ उपस्थित होने के निर्देश दिए गए।

पुलिस ने किया जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

किशोरियों को दिए पुनः उपयोगी सेनेटरी पैड्स, दी गुड और बैड टच की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



समर्पण संस्था और पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गनेरा में शिक्षा, स्वास्थ्य एवं बाल सुरक्षा पर केंद्रित एक विशेष जागरूकता एवं सहायता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, विशेषकर किशोरियों को शिक्षा, मासिक धर्म स्वच्छता एवं व्यक्तिगत सुरक्षा के प्रति जागरूक बनाना था। 120 विद्यार्थियों को स्कूल बैग एवं एक वर्ष के लिए आवश्यक शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई। इस सामग्री में नोटबुक, पेंसिल, ड्राइंग बुक सहित अन्य आवश्यक स्टेशनरी शामिल थी, जिससे बच्चों की नियमित पढ़ाई में सहायता मिल सके। इसके साथ ही लगभग 105 किशोरी बालिकाओं को कपड़े से बने पुनः उपयोगी सेनेटरी पैड्स प्रदान किए गए। इस अवसर पर मासिक धर्म स्वच्छता पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान नर्मदापुरम पुलिस द्वारा विद्यार्थियों को गुड टच एवं बैड टच की जानकारी भी दी गई।

बच्चों को बताया गया कि किसी भी असहज या अनुचित व्यवहार की स्थिति में उन्हें चुप नहीं रहना चाहिए, बल्कि अपने माता पिता, शिक्षकों, परिवार के विश्वसनीय सदस्यों अथवा पुलिस से तुरंत संपर्क करना चाहिए। समर्पण संस्था की संस्थापक डॉ. रुमा भार्गव ने बताया कि संस्था बालिकाओं के सशक्तिकरण एवं सुरक्षा के लिए 360 डिग्री दृष्टिकोण पर कार्य कर रही है।

अभा अग्रवाल महासभा महिला मंडल की हुई बैठक

नर्मदापुरम। अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा एवं अखिल भारतीय अग्रवाल महिला मंडल द्वारा मासिक बैठक का आयोजन स्थानीय नेहरू पार्क में किया गया। इस अवसर पर सामाजिक विषयों पर चर्चा की गई एवं आगामी होने वाले कार्यक्रमों के बारे में रुपरेखा बनाई गई। आने वाले आगामी कार्यक्रमों में हरियाली तीज पर महिला महासभा द्वारा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा जिसमें हरियाली क्वीन जूनियर एवं सीनियर पारंपरिक वेशभूषा एवं व्यंजन प्रतियोगिता रखी जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष भारती अग्रवाल ने बताया कि अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा की महिलाओं द्वारा मध्य प्रदेश में तीज का त्यौहार बहुत धूमधाम से मनाया जाता है इस वर्ष में सभी जगह तीज मनाई जाएगी । बैठक में भारती अग्रवाल ,अनीता गुप्ता, निरुपमा अग्रवाल आदि शामिल रहीं।

हाका दल ने की कार्रवाई, गोवंश को नगर सीमा से किया बाहर



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

हाका दल द्वारा नगर सीमा में घूम रहे आवारा पशुओं को नगर सीमा से बाहर किया जा रहा है। अक्सर ग्रामीण क्षेत्रों में बारिश के दौरान आवारा पशु शहर की आ जाते हैं तथा सड़क पर बैठते हैं। जिससे आवागमन प्रभावित होता है और कई बार दुर्घटना का कारण भी बनते हैं।

हाका दल प्रभारी गगन सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख के निर्देशन में आवारा पशुओं को नगर सीमा से बाहर करने की कार्रवाई की जा रही है।

गोवंश किए बाहर

बुधवार 29 सांडों को बालागंज, दशहरा मैदान, हीरो होण्डा चौराहा, नेहरू पार्क आदि स्थानों ने पकड़ा गया। इस कार्रवाई में गब्बर सिंह, शिवम, तरूण, दीपक, सागर, विशाल आयुष आदि उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



डीईओ पूनम वरकडे ने किया सांदीपनि विद्यालय आमला का निरीक्षण

आमला। जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) बैतूल पूनम वरकडे ने बुधवार को सांदीपनि विद्यालय आमला का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न कक्षाओं में पहुंचकर शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया का अवलोकन कर विद्यार्थियों के गृह कार्य एवं शैक्षणिक गतिविधियों की जांच की। डीईओ ने संकुल स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता का टॉस कराकर विधिवत शुभारंभ किया। उन्होंने विद्यार्थियों एवं खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय के नवीन भवन निर्माण कार्य की प्रगति का भौतिक अवलोकन भी किया। साथ ही सर्किल के मर्ज विद्यालयों के विद्यार्थियों की सांदीपनि विद्यालय में कक्षाओं का शीघ्र संचालन सुनिश्चित करने के संबंध में संस्था प्राचार्य को आवश्यक निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त विकासखंड स्त्रोत समन्वयक एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय की शिफ्टिंग के संबंध में कार्यालय प्रमुख को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, खेल गतिविधियों एवं अधोसंरचना विकास की स्थिति का जायजा लेते हुए डीईओ द्वारा आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

मेंटनेंस के कारण बंद रहेगी बिजली

बैतूल। बिजली कंपनी द्वारा 6 अगस्त को मेंटेनेंस कार्य के चलते 11 केव्ही सदर फीडर की विद्युत प्रवाह प्रभावित रहेगी। मध्य प्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल शहर जोन-2 के प्रबंधक ने बताया कि गुरुवार को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक सदर सब स्टेशन के एमपीईबी कॉलोनी, अग्निहोत्री कॉलोनी, सतपाल आश्रम, प्रताप वार्ड, सुपर किराना, सिंडिकेट बैंक, एसबीआई बैंक, गेंदा चौक, ब्रह्माकुमारी आश्रम, मानस नगर, आईटीआई, एफसीआई गोदाम, विनायक रेजिडेंसी, दारू भट्टी रोड, मिल्क वाटर, एचएमटी फैक्ट्री आदि क्षेत्र में विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। उन्होंने बताया कि किन्ही अपरिहार्य कारणों से समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

पार्ट-टाइम जॉब का झांसा देकर महिला से 2.25 लाख की साइबर ठगी



बैतूल। इंस्टाग्राम पर पार्ट-टाइम जॉब का विज्ञापन देख एक महिला को होटल रेटिंग देकर घर बैठे कमाई का लालच देना महंगा पड़ गया। शुरुआत में कुछ रकम लौटाकर भरोसा जीतने के बाद साइबर ठगों ने निवेश और टास्क पूरे करने के नाम पर महिला से कुल 2.25 लाख रुपए ट्रांसफर करा लिए। मामले की जांच में बैतूल कोतवाली पुलिस ने शाजापुर जिले से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिसने पूछताछ में साइबर ठगी के लिए अपना बैंक खाता उपलब्ध कराने की बात स्वीकार की है। कोतवाली पुलिस के अनुसार, कारगिल चौक निवासी महिला ने शिकायत में बताया कि 12 जनवरी 2026 को इंस्टाग्राम पर पार्ट-टाइम जॉब तलाशते समय वह एक लिंक के जरिए व्हाट्सएप नंबर से जुड़ी। वहां उसे होटल रेटिंग देने के बदले घर बैठे कमाई करने का ऑफर दिया गया। शुरुआत में महिला से छोटे-छोटे ऑनलाइन टास्क पूरे कराए गए। इन टास्क के बदले कुछ राशि उसके खाते में वापस भेजी गई, जिससे उसे लगा कि यह काम वास्तविक है। इसी भरोसे का फायदा उठाकर ठगों ने आगे बड़ा निवेश कराने की योजना बनाई। पुलिस जांच में सामने आया कि ठगों ने पहले महिला से 5 हजार रुपए और फिर 70 हजार रुपए जमा करवाए। जब महिला ने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपियों ने सिस्टम हैक होने का बहाना बना दिया।

---

306 जर्जर स्कूल भवन, अभी तक सिर्फ 7 को गिराने का अनुमोदन

बारिश में हादसों का कारण बन सकते हैं परिसरों में खड़े जर्जर स्कूल भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले भर में 306 पुराने जर्जर स्कूल भवन अभी भी खड़े हैं, लेकिन इन भवनों को गिराने की प्रक्रिया अभी तक पूर्ण नहीं की गई है। ऐसे में यह जर्जर स्कूल भवन बच्चों की सुरक्षा के लिए खतरा बने हुए हैं। दरअसल जिला शिक्षा केंद्र ने जिले के 306 जर्जर स्कूल भवनों को जर्जर भवनों के रूप में चिन्हित किया है। यह भवन परिसरों में खड़े है। इनकी मरम्मत करके भी उपयोग करना अब संभव नहीं था। ऐसे में शिक्षा विभाग ने इन स्कूल भवनों के स्थान पर नए भवन बनवा लिए और इन जर्जर भवनों का उपयोग बंद कर दिया था।

जर्जर होने के कारण जिला शिक्षा केंद्र ने महीनों पहले इन भवनों को डिसमेंटल करने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को प्रस्ताव भेजा है। लेकिन भवन गिराये नहीं गये है। ऐसे में बारिश के कारण इन भवनों के गिरने का खतरा बढ़ गया है, क्योंकि स्कूल परिसर में खड़े जर्जर भवन बच्चों की आवाजाही और खेलकूद के बीच लगातार जोखिम पैदा कर रहे हैं। कई भवनों की दीवारें और छतें पहले से क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। जिला शिक्षा केंद्र का कहना है कि इन भवनों के फोटोग्राफ, विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर पीडब्ल्यूडी को भेजी है और आधिकारिक रूप से भवनों को जर्जर घोषित किए बिना तोड़ने की प्रक्रिया शुरू नहीं की जा सकती है।



सबसे अधिक भीमपुर ब्लॉक में जर्जर स्कूल भवन

जिले में सबसे अधिक जर्जर स्कूल भवन भीमपुर ब्लॉक में हैं। यहां 73 भवनों की हालत बेहद खराब है। इसके अलावा आठनेर में 32, बैतूल ब्लॉक में 21, भैंसदेही में 22, चिचोली में 25, घोड़ाडोंगरी में 38, मुलताई में 42, प्रभातपट्टन में 30 और शाहपुर में 14 भवन शामिल हैं। सबसे कम जर्जर भवन आमला ब्लॉक में 9 है। जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा इन भ्ज्ञवनों के फोटोग्राफ और विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर पीडब्ल्यूडी को भेजी है। सके बावजूद विभागीय स्तर पर कोई ठोस कार्रवाही नहीं हो सकी है। अधिकारियों का कहना है कि जर्जर भवनों को अधिकारिक रूप से घोषित किए बिना तोडने की प्रक्रिया शुरू नहीं की जा सकती है।

बारिश के कारण जर्जर भवनों से और बढ़ गया खतरा

बारिश का मौसम लगभग शुरू हो चुका है। लेकिन अभी तक जिले के जर्जर शासकीय प्राथमिक और माध्यमिक स्कूल भवनों को डिसमेंटल नहीं किया गया है। ऐसे में यह जर्जर स्कूल भवन बच्चों और शिक्षकों के लिए खतरा बने हैं। हालांकि जर्जर भवनों में अध्यापन कार्य बंद कर दिया गया है और कई जगहों पर नए भवनों में स्कूल संचालित हो रहे हैं, लेकिन पुराने खंडहरनुमा भवन अब भी स्कूल परिसरों में खड़े हुए हैं। जर्जर भवनों के आसपास ही छुट्टी के समय बच्चे खेलते रहते है। शिक्षक की निगरानी न रहने पर यह बच्चे इन जर्जर भवनों में भी जा सकते हैं। इस बीच इन भवनों में कोई हादसा हो जाए तो बच्चे इनकी चपेट में आ सकते हैं। यही कारण है कि ग्रामीण मांग उठा रहे हैं कि इन जर्जरों भवनों को तत्काल ढहाया जाएं ताकि इनसे बच्चों को कोई खतरा न रहे।

अभी तक 7 के ही लिए अनुमोदन

जिला शिक्षा केंद्र ने तो अपना काम कर दिया था, लेकिन लोक निर्माण विभाग द्वारा इस कार्य को लेकर खास गंभीरता नहीं दिखाई गई। दूसरी ओर कलेक्टर द्वारा लगातार इस कार्य की समीक्षा की जा रही है। स्थिति यह है कि अभी तक 306 में से मात्र 7 जर्जर स्कूल भवनों का ही अनुमोदन लोक निर्माण विभाग ले पाया है। हालांकि इनमें से भी एक को भी अभी तक जमींदोज नहीं किया जा सका है, जबकि जर्जर हो चुके यह भवन परिसर में ही और नए भवनों के पास ही स्थित है। अब चूंकि बारिश का मौसम शुरू हो चुका है। बारिश में लगातार पानी लगने से यह जर्जर हो चुके भवन या उनका बड़ा हिस्सा कभी भी ढह सकता है। इससे यह भवन अब और भी खतरनाक हो चुके हैं।

इनका कहना है

306 में से 250 जर्जर स्कूल भवनों का निरीक्षण हो चुका है। इनका प्रस्ताव भी तैयार कर दिया है, जो कलेक्टर साहब को प्रेषित किया जा रहा है। शेष जर्जर स्कूलों का भी निरीक्षण जारी है।

- अखिलेश कवड़े, एसडीओ, पीडब्ल्यूडी बैतूल

7 जर्जर स्कूल भवनों को गिराने का अनुमोदन हो चुका है। पंचायत के माध्यम से यह भवन गिराये जायेगे।

- सुधीर साकेत, डीपीसी, बैतूल

बैतूल जिले के अरुण किलेदार एवं केपी अग्निहोत्री जन परिषद द्वारा सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा

सेंट्रल इंडिया की अग्रणी सामाजिक संस्था जन परिषद के 37वें वार्षिक समारोह में जिले के दो समाजसेवियों को उनके उल्लेखनीय योगदान हेतु सम्मानित किया गया।

समारोह में बैतूल निवासी अरुण किलेदार एवं बैतूल जिले के ग्राम भौंरा निवासी कैलाश प्रसाद अग्निहोत्री को संस्था द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में किए गए उनके अतुलनीय कार्यों और जनहित में दी गई सेवाओं के मूल्यांकन के आधार पर सम्मानित किया है। सम्मान समारोह में संस्था के अध्यक्ष व पूर्व डीजीपी एनके त्रिपाठी ने समाजसेवियों को प्रशस्ति-पत्र व सम्मान देकर उनकी सेवाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य करने वाले व्यक्तियों का सम्मान नई पीढ़ी को सेवा, समर्पण और सामाजिक दायित्वों के प्रति प्रेरित करता है। जन परिषद ऐसे व्यक्तित्वों को मंच प्रदान कर उनके योगदान को समाज के सामने लाने का कार्य लगातार कर रही है। इस अवसर पर संस्था उपाध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ आईएएस अधिकारी जीपी श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार केके अग्निहोत्री तथा संस्था संयोजक रामजी श्रीवास्तव, संस्था के अन्य पदाधिकारियों में अजय श्रीवास्तव (नीलू), विनोद श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

जेएच कॉलेज ऑडिटोरियम में 13 अगस्त को होगा मेगा स्वैच्छिक रक्तदान अभियान

बैतूल। कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे के निर्देशानुसार जेएच कॉलेज ऑडिटोरियम बैतूल में 13 अगस्त 2026 को रक्तांजलि-एक रक्तदान, राष्ट्र के नाम अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय मेगा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर ने जिले के सभी विभागाध्यक्षों से अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि सभी विभाग अपने अधीनस्थ अधिकारी-कर्मचारियों को रक्तदान के लिए प्रेरित करें तथा संलग्न गूगल फॉर्म के माध्यम से अधिक से अधिक संख्या में उनका पंजीयन कराएं। उन्होंने जिले के अधिकारी-कर्मचारियों, सामाजिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, युवाओं तथा आम नागरिकों से इस जनहितकारी अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

समिति के बगैर अनुमोदन राशि निकलने का आरोप

वनरक्षक के खिलाफ एसडीओ को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाहपुर

ग्राम खरवार के ग्रामीणों द्वारा वन सुरक्षा समिति की लाभांश राशि निकालना एवं गबन की जांच के लिए उप वन मंडल अधिकारी एसडीओ उत्तम सिंह सत्या शाहपुर को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में ग्रामीणों के द्वारा बताया गया कि वनरक्षक राज कपूर खरवार द्वारा वन सुरक्षा समिति के बगैर अनुमोदन के संजय पिता राम विलास काजले के खाते से राशि का आहरण किया गया। ठकरंती पति दुर्गा प्रसाद निवासी ग्राम खरवार के खाते से भी राशि का आहरण किया गया। सत्र 2023-24 एवं 24-25 में वनरक्षक राज कपूर द्वारा दबाव बनाकर खाते से राशि का आहरण किया गया। ग्रामीणों द्वारा एसडीओ को ज्ञापन देकर जल्द से जल्द जांच करने की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में जिला कलेक्टर बैतूल, डीएफओ बैतूल को भी आवेदन पत्र के माध्यम से अवगत कराया था। उस आवेदन पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। एसडीओ शाहपुर उत्तम सिंह सत्या ने बताया कि खरवार के ग्रामीणों के आवेदन पर जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।

ग्राम विकास में महत्वपूर्ण है, प्रस्फुटन समितियो की भूमिका : संतोष राजपूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



मप्र. जन अभियान परिषद विकासखंड आठनेर द्वारा राज्य के निर्देशानुसार संवाद योजना अंतर्गत प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम के तहत चयनित नवांकुर संस्थाओं, ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों, परामर्शदाताओं एवं सीएम इंटर्न की क्षमता वृद्धि हेतु एक दिवसीय बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड कार्यालय आठनेर में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। अतिथि परिचय एवं स्वागत के पश्चात जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक संतोष राजपूत ने विकासखंड की चयनित प्रस्फुटन समितियों से उपस्थित पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए परिषद के उद्देश्यो व कार्य के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि ग्राम विकास में समितियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।समितियां ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोडने के साथ-साथ कृषि, पर्यावरण, स्वच्छता, जल संरक्षण एवं आजीविका से जुड़े विषयों पर जनजागरूकता का कार्य प्रभावी रूप से करें। आगामी नवांकुर सखी कार्यक्रम की रूपरेखा को बताते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। कृषि विभाग से पधारे एडीओ पीआर धुर्वे ने जैविक कृषि के महत्व पर प्रकाश डालते जैविक खेती से होने वाले फायदों की जानकारी दी।रासायनिक कीटनाशकों एवं उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से मिट्टी, पर्यावरण तथा मानव स्वास्थ्य पर पडने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए उन्होंने बताया कि हम धरती को मां मानते हैं और उसमें जहर डालकर उसको बंजर बना रहे है। उन्होंने धरती मां के सच्चे पुत्र बनकर जैविक कृषि को बढ़ावा देने का आह्वान किया।एईओ अंकित काले ने मिट्टी परीक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किसानों को मृदा परीक्षण के आधार पर खेती करने की सलाह दी। उन्होंने मृदा परीक्षण एवं मृदा उपचार से होने वाले लाभों की जानकारी देते कहा कि मिट्टी की आवश्यकता के अनुरूप पोषक तत्वों का उपयोग करने से कृषि लागत कम करने के साथ उत्पादन एवं भूमि की उर्वरता को भी बढ़ाया जा सकता है।

छात्रों के साथ बैठकर किया भोजन

बैतूल एसडीएम ने किया स्कूल-छात्रावास का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बैतूल अनुविभाग के एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह ने प्राथमिक स्कूल और नेताजी सुभाषचंद्र बोस बालक छात्रावास का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षाओं में बच्चों की पढ़ाई का स्तर परखा, ब्लैकबोर्ड पर पढ़ाकर उन्हें प्रेरित किया।

छात्रावास में छात्रों के साथ बैठकर भोजन कर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवाने के निर्देश पर जिले में अधिकारियों के मैदानी निरीक्षण लगातार किए जा रहे हैं। इसी क्रम में एसडीएम शासकीय प्राथमिक शाला पहुंचे। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षाओं में जाकर बच्चों से सवाल-जवाब किए। उनकी शैक्षणिक प्रगति को परखा। ब्लैकबोर्ड पर पढ़ाकर उन्हें पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। इस दौरान विद्यार्थियों को कॉपियां भी वितरित की गईं। एसडीएम ने स्कूल परिसर की साफ-सफाई, मध्यान्ह भोजन, पेयजल, शौचालय तथा अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया।

मिलावटखोरों पर कार्रवाई नहीं हुई तो होगा जनआंदोलन

रक्षाबंधन और स्वतंत्रता दिवस से पहले ग्राहक पंचायत का बड़ा अल्टीमेटम

कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन, दूषित खाद्य सामग्री और फलों की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई



आगामी रक्षाबंधन एवं स्वतंत्रता दिवस जैसे प्रमुख त्योहारों को देखते हुए अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, शाखा मुलताई ने खाद्य पदार्थों में मिलावट और उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से हो रहे खिलवाड़ पर गहरी चिंता व्यक्त की है। संगठन ने जिला कलेक्टर बैतूल के नाम एक विस्तृत ज्ञापन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मुलताई को सौंपकर नगर एवं तहसील क्षेत्र में खाद्य पदार्थों की सघन जांच अभियान चलाने तथा मिलावटखोरों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि पवित्र नगरी मुलताई में रक्षाबंधन एवं स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बड़ी संख्या में लोग दूध, पनीर, मिठाई, फल एवं अन्य खाद्य सामग्री की खरीदारी करते हैं। त्योहारों की बढ़ती मांग का लाभ उठाकर कुछ व्यापारी खाद्य पदार्थों में मिलावट एवं रासायनिक पदार्थों का उपयोग कर उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। उपभोक्ता शुद्ध सामग्री प्राप्त करने के लिए निर्धारित मूल्य का भुगतान करता है, लेकिन कुछ असामाजिक तत्व मिलावटी सामग्री बेचकर लोगों के साथ धोखाधड़ी कर रहे हैं। ग्राहक पंचायत ने प्रशासन से मांग की है कि दूध एवं दुग्ध उत्पादों की नियमित सैंपलिंग कराई जाए। पनीर अथवा अन्य खाद्य पदार्थों में मिलावट पाए जाने पर संबंधित प्रतिष्ठानों को तत्काल सील करते हुए दोषियों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई की जाए। साथ ही सभी दुकानों पर शासन द्वारा निर्धारित मूल्य सूची स्पष्ट रूप से प्रदर्शित कराना अनिवार्य किया जाए। संगठन ने यह भी मांग की कि मिठाई की दुकानों पर प्रत्येक उत्पाद की निर्माण तिथि एवं उपयोग अवधि का स्पष्ट उल्लेख हो। पैक्ड खाद्य सामग्री की एक्सपायरी डेट, वजन एवं मापदंडों की नियमित जांच की जाए ताकि उपभोक्ताओं को कम तौल या एक्सपायरी सामग्री न बेची जा सके। ज्ञापन में नगर की खाद्य निर्माण इकाइयों में उपयोग किए जा रहे तेल, कच्चे माल तथा निर्माण स्थलों की स्वच्छता की जांच कराने की मांग भी की गई है। इसके अलावा भ्रामक विज्ञापन कर कम मात्रा में अधिक मूल्य वसूलने वाली कंपनियों एवं व्यापारियों के विरुद्ध जांच कर विधिसम्मत कार्रवाई करने की बात कही गई है।

ट्री-गार्ड लगाकर संरक्षण का भी लिया संकल्प

ग्रीन मुलताई समिति का हरित संकल्प, उपजेल परिसर में हुआ वृहद पौधारोपण अभियान

फलदार एवं छायादार प्रजातियों के लगाए गए पौधे

मां ताप्ती तट के ग्रामीण क्षेत्रों में भी लगातार चल रही हरित मुहिम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

पर्यावरण संरक्षण, जल संवर्धन और हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से ग्रीन मुलताई समिति द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी उपजेल परिसर में वृहद पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया। समिति के सदस्यों ने फलदार एवं छायादार प्रजातियों के पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में उपजेलर दिनेश डांगी के नेतृत्व में समिति के पदाधिकारियों एवं समाजसेवियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। पौधारोपण अभियान के दौरान समिति के वरिष्ठ एवं सक्रिय सदस्य एम.के. वर्मा, अतुल बारंगे, आर.के. मालवीय, प्रो. कमलेश सरिया, दीपेश बोथरा, सुनेंद्र देशमुख, निलेश बोबड़े, पवन पाटेकर, सौरभ गगन तथा समाजसेवी चिंटू खन्ना सहित अन्य सदस्यों ने उपजेल परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। सभी ने पौधों के नियमित संरक्षण एवं देखरेख का संकल्प भी लिया। अभियान के दौरान परिसर की सुंदरता और उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए बडिंग तकनीक से तैयार आम की उन्नत किस्मों गाजरा, लंगड़ा, नीलम एवं दशहरी के पौधे लगाए गए। इसके अलावा परिसर को हराभरा एवं छायादार बनाने के लिए गुलमोहर के पौधों का भी रोपण किया गया। समिति के सदस्यों ने बताया कि इन पौधों के विकसित होने से भविष्य में परिसर की हरियाली बढने के साथ पर्यावरण को भी लाभ मिलेगा।

पौधों की सुरक्षा के लिए किए गए विशेष इंतजाम

ग्रीन मुलताई समिति ने केवल पौधे लगाने तक ही अभियान को सीमित नहीं रखा, बल्कि उनके संरक्षण को भी सर्वोच्च प्राथमिकता दी। सभी पौधों के चारों ओर मजबूत ट्री-गार्ड लगाए गए हैं, ताकि वे पशुओं एवं अन्य कारणों से सुरक्षित रह सकें और स्वस्थ रूप से विकसित हो सकें। समिति द्वारा समय-समय पर पौधों की देखरेख और सिंचाई की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी जारी है हरित अभियान

समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि ग्रीन मुलताई समिति कई वर्षों से शहर के साथ-साथ मां ताप्ती नदी के तटीय ग्रामीण क्षेत्रों में भी व्यापक स्तर पर पौधारोपण अभियान संचालित कर रही है। इस अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में हरित आवरण बढ़ाना, जल संरक्षण को प्रोत्साहित करना तथा लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है। समिति का मानना है कि यदि प्रत्येक नागरिक अपने जीवन में कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प ले, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, हरित और संतुलित पर्यावरण का निर्माण किया जा सकता है।

खबर संक्षेप

सम्मानित हुए नपा, सीएमओ किया बेहतर प्रदर्शन

नर्मदापुरम। सीएम हेल्पलाइन पर की जाने वाली शिकायतों के शीघ्र निराकरण के मामले में सोहागपुर नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा को सम्मानित किया गया है। नप कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार नगर परिषद सोहागपुर विभाग अंतर्गत सीएम हेल्पलाइन नंबर 181 पर की गई शिकायतों पर व्यक्तिगत रुचि लेकर सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने निराकरण कराया। दर्ज शिकायतों के निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नप ने 94.5 प्रतिशत वेटेज स्कोर प्राप्त किया तथा उत्कृष्ट ग्रेड प्राप्त किया है। कलेक्टर नर्मदापुरम-सोमेश मिश्रा ने इस उत्कृष्टता पर नप सीएमओ को प्रशस्ति पत्र देते हुए सीएम हेल्पलाइन का कार्य कर रहे सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की सराहना की है।

मोबाइल लूट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

भैरुंदा। नगर के बस स्टैंड पर मोबाइल लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो शातिर आरोपियों को भैरुंदा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से लूटा मोबाइल और घटना के दौरान इस्तमाल मोटरसाइकिल जब्त की है। जब्त सामग्री की कुल कीमत करीब 90 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार 30 जुलाई 2026 को फरियादी धरम सिंह बारेला निवासी बड़नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि भैरुंदा बस स्टैंड पर दो अज्ञात युवकों ने उसका मोबाइल लूट लिया और फरार हो गए।

शिकायत लेकर रात नौ बजे बिजली कंपनी कार्यालय पहुंचे गूजरखापा के किसान

खेतों में टूटा करंटयुक्त बिजली तार बाल-बाल बचे खेत में कार्यरत मजदूर

सोहागपुर में बिजली विभाग की व्यवस्था बेपटरी है, विभाग की लापरवाही से आमजनों की जान संकट में है। खुले टूटे, ढीले एवं जमीन छूते तार मौत को न्यौता देते है, जिससे हरदम खेतों में काम कर रहे किसानों की जान का डर बना रहता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



सोहागपुर में बिजली व्यवस्था बेपटरी होने से आमजनों में रोष है। ग्रामीण क्षेत्र में वर्षों पुराने बिजली के तार हर कभी टूटने से दुर्घटनाओं का अंदेशा है। इस स्थिति से पीड़ित ग्राम गूजरखापा के सैकड़ाभर किसान मंगलवार रात शहर स्थित बिजली कंपनी कार्यालय पहुंचे। रात साढ़े आठ बजे कार्यालय के समक्ष उपस्थित किसानों ने हरिभूमि प्रतिनिधि को बताया कि वे कार्यालय में डीई रवि रंजन से मिलने पहुंचे तो डीई ने सही प्रतिक्रिया नहीं दी। डीई ऑफिस से बाहर नहीं आए, ना ही किसानों को ऑफिस में आने दिया गया। किसानों ने दूर से ही समस्या सुनाई तो कुछ देर बाद डीई किसानों की अनसुनी कर चले गए। किसानों में इस बात का रोष है कि डीई ने समस्या व इसके निराकरण की बातों पर ध्यान नहीं दिया। तब उग्र किसानों को एई माखन धनगया ने समझाया, शांत किया एवं आश्वासन दिया कि समस्या का समाधान कराएंगे। इस दौरान ग्रामीण वीरेंद्र पटेल, राजेंद्र सिंह पटेल, जीवनलाल पटेल, मोदकसिंह पटेल, छोटेवीर पटेल, शैलेंद्र सिंह पटेल, चंदन सिंह, दयाराम व अन्य किसान उपस्थित थे।

पहले बिल जमा करें किसान, ताकि मिल सकें सुविधाएं

विभाग की लापरवाही पर किसानों ने विभाग को अवगत कराया, जिसमें एई माखन धनगया ने चर्चा में किसानों से अपील की है कि गांव में घरेलू व एग्रीकल्चर डीपी के बकाया बिल चुकाएं। ताकि बिजली सुविधा देने में आसानी हो। क्योंकि लाखों रुपए के बिल ग्रामीण क्षेत्र में घरेलू व कृषि डीपियों से जुड़े कनेक्शनों पर बकाया हैं। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष बारिश कम हुई है तथा धान फसल के लिए किसान नलकूपों पर आश्रित हैं। बिजली नहीं मिलने के कारण नलकूप बंद हैं तथा धान पर संकट है। और यह स्थिति किसानों में असंतोष बढ़ा रही है। उल्लेखनीय है कि गत सप्ताह नवलगांव सब स्टेशन पर कई किसान बिजली वितरण की बाधा की शिकायत करने पहुंचे थे। तब एसडीओपी संजू चौहान एवं एसडीएम डॉ. बबीता राठौर की त्वरित कार्रवाई के चलते बिजली मिलने पर किसान संतुष्ट हो गए थे। लेकिन फिलहाल स्थिति विस्फोटक होती जा रही है।

बाल-बाल बचे 17 मजदूर

ग्राम गूजरखापा निवासी कृषक वीरेंद्र पटेल ने बताया कि इन दिनों खेतों में धान लगी है तथा खेतों की गड़ैयों में कम ही सही लेकिन कुछ हद तक पानी भरा है। खेतों में कार्यरत मजदूरों के आसपास यदि बिजली के तार टूटकर गिरते हैं तो जानलेवा घटना हो सकती है। वीरेंद्र पटेल ने बताया कि मंगलवार दोपहर भी एक गंभीर दुर्घटना टल गई। उन्होंने बताया कि गांववासी किसान जीवनलाल पटेल के खेत में 11 केवी का तार टूटकर गिर गया। इस दौरान 17 मजदूर कार्यरत थे। गड़ैया सूखी थी तो घटना टल गई, अन्यथा मजदूरों की जान पर संकट हो सकता था। अतः किसानों ने अविलंब समस्या निराकरण की मांग की है।

सूचना पर पहुचे भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष

सूचना मिलने पर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिनव पालीवाल व भाजपा नेता अंकुश जायसवाल मौके पर पहुंचे तथा उन्होंने बिजली कंपनी अधिकारियों से किसानों की समस्या के निराकरण की बात कही। किसानों से समस्या की जानकारी मिलने पर भाजपा सोहागपुर मंडल अध्यक्ष अश्विनी सरोज ने भी सभी अधिकारियों सहित ब्लॉक प्रशासनिक मुखिया को कृषकों की समस्या के अविलंब निराकरण की बात कही।

मूंग खरीदी में फिर बदलाव अधिकृत हुए नए वेयरहाउस



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया जनपद पंचायत की सेवा सहकारी समिति प्रबंधक राकेश पुरोहित खापरखेड़ा सेवा सहकारी समिति प्रबंधक नारायण पटेल गाड़ाघाट एवं सेवा सहकारी समिति सदस्य सेमरी तला के प्रबंधक सलीम वेग मिर्जा को समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी करने के लिए अधिकृत किया गया है। इन्हें पूर्व में अन्य वेयरहाउस में खरीदी दी गई थी। लेकिन वेयरहाउस का पूरा भराव होने का कहकर जिला अधिकारी ने खंड स्तरीय उपार्जन समिति के भौतिक सत्यापन उपरांत 3 वेयरहाउस पून दिए गए हैं। सेवा सहकारी समिति गाड़ाघाट को नंद नंदन वेयरहाउस सांडिया की क्षमता 900 मेट्रिक टन है। सेवा सहकारी समिति खापरखेड़ा को आस्तिक वेयरहाउस झील पिपरिया को अधिग्रहित किया गया है। जिसमें 900 मेट्रिक टन क्षमता है। सम्रद्धि एग्रो वेयरहाउस खापरखेड़ा खापरखेड़ा 800 मेट्रिक टन क्षमता है।यह वेयरहाउस अधिकारी राजस्व आकिप खान के अनुसार घोषणा कर दी गई है। लेकिन अभी वर्तमान में किसान मजदूर महासंघ के अनुसार खरीदी केंद्र पर शौचालय निर्माण कार्य एवं पानी बैठक व्यवस्था नहीं की गई है। सर्वेयर नियुक्त किए गए हैं।वह कहते हैं।नाम ना छापने पर बताया कि 1लाख रुपए खर्च कर के आऐ है। लेकिन किसानों से कुछ नहीं मिल रहा है। वेयर हाउस में रखे अनाज के साथ का सत्यापन उपरांत 3 वेयरहाउस हुए हैं।

एसडीएम की अध्यक्षता में की गई जीरो लार्वा अभियान पर कार्यशाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में बुधवार को जीरो लार्वा तथा मलेरिया उन्मूलन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एसडीएम डॉ. बबीता राठौर ने की। बीएमओ डॉ. रेखासिंह गौर ने बताया कि सरकार द्वारा मलेरिया नियंत्रण हेतु 'जीरो लार्वा अभियान' संचालित किया जा रहा है।

कार्यशाला में दी विस्तारपूर्वक जानकारी

कार्यशाला में जिला मलेरिया अधिकारी अरुण श्रीवास्तव ने अभियान की रूपरेखा, उद्देश्य एवं प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने समस्त एएनएम, आशा कार्यकर्ताओं एवं आशा सुपरवाइजर्स को मलेरिया की रोकथाम, लार्वा स्त्रोतों की पहचान, लार्वा नष्ट करने की कार्यवाही व जन जागरूकता के संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण दिया। बैठक में एसडीएम डॉ. बबीता राठौर ने सभी संबंधित विभागों एवं मैदानी अमले को समन्वय के साथ कार्य करने व अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यालयों, विद्यालयों व सार्वजनिक स्थलों पर नियमित स्वच्छता रखने, जलभराव की स्थिति समाप्त करने तथा मच्छरों के प्रजनन स्थलों को नष्ट करने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश भी दिए।

सड़क पर जमा नाली के गंदे पानी की समस्या से वार्डवासी परेशान, न जाने कब होगा निराकरण

पार्षद प्रतिनिधि ने बुधवार को किया समस्या स्थल का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



नगर में रोड एक्सीलेंट से मारुपुरा की गली है। गली तथा रोड पर गंदा पानी भरा रहने से लोग परेशान हैं। गौतम वार्ड पार्षद कविता साहू ने नप में शिकायत भी की, लेकिन समस्या यथावत है। गौतम वार्ड पार्षद प्रतिनिधि दीपक साहू ने बताया कि उन्होंने भी कई बार मौके का अवलोकन कर मकान मालिक को समस्या निराकरण की बात कही तथा नाली का मुख सड़क पर खोलने की मनाही की। लेकिन मकान मालिक एवं नप समस्या निराकरण के प्रयास नहीं कर रहे हैं। मंगलवार को जनसुनवाई दौरान क्षेत्रवासियों ने सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा को समस्या से अवगत कराया तो शर्मा ने सेनेटरी इंस्पेक्टर को फोनकर समस्या निराकरण के निर्देश दिए थे। लेकिन अब तक समस्या का निराकरण नहीं हो सका है और नागरिक परेशान हैं।

मामले में मारुपुरा क्षेत्रवासियों में अत्यधिक रोष है कि लोगों को सड़क व गली में जमा गंदे पानी से आवाजाही करनी पड़ रही है। गंदा पानी वाहनों के कारण लोगों के कपड़ों पर उछलता है। कई भक्तजनों ने बताया कि मंदिर जाने के दौरान पानी उछलने के चलते उन्हें घर जाकर पुनः स्नान करना पड़ा है। नागरिकों ने समस्या निराकरण की अपेक्षा अब एसडीएम डॉ. बबीता राठौर से की है।

ग्राम पंचायत सचिवों व रोजगार सहायकों को 5 माह से नही मिला वेतन, हो रहे परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

पिपरिया जनपद पंचायत क्षेत्र की 52ग्राम पंचायत के सचिव रोजगार सहायक एवं जनपद पंचायत के कर्मचारियों को लगभग 5माह से वेतन भुगतान नहीं किया गया है।अभी लगातार प्रबल अरजरिया मुख्य कार्यपालन अधिकारी रहे उनके द्वारा भी कोई भुगतान नहीं किया गया था। उसके बाद अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आकिप खान पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत का प्रभार दिया गया लेकिन उनके द्वारा भी वेतन भुगतान के नाम पर डांट कर भगा दिया जाता है।

नही मिला 5 माह से वेतन

अभी तक वर्तमान में सामने आया कि जनपद पंचायत के कर्मचारियों में लिपिक मधु तिवारी शैलेश भदौरिया संतोष धान लल्लू राम सहित अन्य सभी को 5 माह पूर्ण होने पर भी वेतन भुगतान नहीं किया गया है।

परिवार चलाने में होती है दिक्कत

वेतन न मिलने से परिवार चलाने में दिक्कत होती है। वर्तमान में कई कर्मचारी दाने दाने के लिए मोहताज है। कोई दुकानदार दुध वाले भी अब उधार देने को तैयार नहीं है। इसी तरह से सभी ग्राम पंचायतों के सचिव को लगातार अ 3माह से भुगतान नहीं किया गया है। जबकि कुछ सचिव सिर्फ वेतन भुगतान पर ही निर्भर है।ऐसी स्थिति में ऐसा प्रतीत होता है कि जिला पंचायत से लेकर जनपद पंचायत के अधिकारियों के द्वारा ही सचिव को भ्रष्टाचार करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। बच्चों की फीस जमा, पुस्तक डिरेश सहित अन्य सभी खर्च के लिए परेशानी उठानी पड़ रही है। लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। रोजगार सहायक का भी वेतन भुगतान की यही स्थिति है। पंचायत समन्वयक अधिकारी कर्मचारी वर्ग भी परेशान हैं।

बजट होते ही किया जायेगा भुगातान

इस विषय में हिमांशु जैन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने बताया कि बजट प्राप्त नहीं होने के कारण परेशानी हो रही है। बजट प्राप्त होते ही जल्द से जल्द वेतन भुगतान करने की कार्यवाही की जायेगी।

कांग्रेस कमेटी ने नव नियुक्त पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं का किया स्वागत, बांटी मिठाइयां

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी की बैठक हुई जिसमें सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं का स्वागत सम्मानित किया गया। तथा दतिया विधानसभा के उप चुनाव में कांग्रेस कि शानदार जीत हासिल करने के लिए मंगलवारा चौराहे पर मीठा वितरण किया गया।

बैठक हुइ संपन्न, तैयार की आगामी रूपरेखा

आतिशबाजी कर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं ने खुशी जाहिर की। नगर अध्यक्ष उदय सिंह राजपूत ने बताया कि कांग्रेस कमेटी की जमीन स्तर पर अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने के उद्देश्य से ब्लाक कांग्रेस कमेटी नगर अध्यक्ष मटकुली सहित अन्य सभी संयुक्त संगठनात्मक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में संगठन के विस्तार आगामी कार्ययोजना की रुपरेखा तैयार की गई। बैठक में उत्साह बढ़ाते हुए नव नियुक्त ब्लाक कांग्रेस कमेटी,उप ब्लाक कांग्रेस कमेटी,सभी अध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिव उपाध्यक्ष महासचिव कोषाध्यक्ष मीडिया प्रभारी का पुष्प मालाएं पहनाकर स्वागत सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ब्लाक एवं नगर सेवा दल महिला मोर्चा कांग्रेस युवक कांग्रेस एन एस यू आइ आइ टी सेल किसान कांग्रेस कमेटी सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

स्वस्थ दृष्टि,उज्ज्वल भविष्य:स्प्रिंगडेल्स स्कूल में निशुल्क नेत्र परीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



विद्यार्थियों एवं विद्यालय स्टाफ के बेहतर स्वास्थ्य और नेत्र सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विद्यालय परिसर में 4 अगस्त को निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह शिविर सेवा सदन आई हॉस्पिटल, भोपाल के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसमें विशेषज्ञ नेत्र चिकित्सकों एवं प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों ने विद्यार्थियों तथा स्टाफ के नेत्रों की विस्तृत जाँच की। शिविर के दौरान विद्यार्थियों की दृष्टि क्षमता, आँखों की सामान्य समस्याओं तथा नेत्र स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। जिन विद्यार्थियों एवं कर्मचारियों में किसी प्रकार की दृष्टि संबंधी समस्या पाई गई, उन्हें आवश्यक परामर्श एवं आगे के उपचार हेतु उचित मार्गदर्शन प्रदान किया गया। निदेशक श्री सुभाशीष चटर्जी ने बताया कि आज के डिजिटल युग में मोबाइल, कंप्यूटर एवं अन्य स्क्रीन के बढ़ते उपयोग के कारण बच्चों में आँखों से जुड़ी समस्याएँ तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में हमारे विद्यालय समय-समय पर नेत्र परीक्षण आवश्यक रूप से आयोजित करता है, जिससे समस्याओं की समय रहते पहचान कर उनका उपचार/ समाधान किया जा सके।

इस अवसर पर प्राचार्य मोना चटर्जी ने कहा कि स्वस्थ आँखें ही विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला हैं। उत्तम दृष्टि से बच्चों की सीखने की क्षमता, आत्मविश्वास और शैक्षणिक प्रदर्शन में सकारात्मक परिणाम आता है। विद्यालय विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य को भी समान महत्व देता है।

विद्यालय प्रबंधन ने सेवा सदन आई हॉस्पिटल, भोपाल एवं चिकित्सक दल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम भविष्य में भी आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि विद्यार्थियों और कर्मचारियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध हो सकें।

रघुवंशी समाज ने शुरू की पहल

रघुवर छाया अभियान अंतर्गत हुआ पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



रघुवंशी समाज 'रघुवर छाया' पौधरोपण अभियान संचालित कर रहा है। जिसमें पूरे मप्र में पौधरोपण किया जा रहा है। गत दिवस सोहागपुर के ग्राम सिटिया गोहना की गौशाला में अभियानांतर्गत पौधरोपण किया गया है।

अभियान प्रदेश प्रभारी जितेंद्र रघुवंशी सोहागपुर ने बताया कि नंदनी गौशाला में एसडीएम डॉ. बबीता राठौर, एसडीओपी संजू चौहान, तहसीलदार शक्ति तोमर, नायब तहसीलदार आरएस मरावी, नप सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा, बीईओ राकेश उईके तथा बीआरसी राकेश रघुवंशी सहित समाजजनों ने पौधारोपण किया। कार्यक्रम समाज के वरिष्ठ चौधरी राजेंद्र सिंह, मंगलसिंह रघुवंशी, महेश रघुवंशी व महिला कार्यकारिणी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुनंदा रघुवंशी, युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष रणजीत रघुवंशी, युवा प्रदेश महासचिव योगेंद्र रघुवंशी की उपस्थिति एवं मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान चौधरी गजेंद्र सिंह, विक्रम रघुवंशी, जपं उपाध्यक्ष राघवेंद्र रघुवंशी, सतीश रघुवंशी ने सहयोग किया। कार्यक्रम में सोहागपुर, पिपरिया, बनखेड़ी इकाइयों के महिला विंग सदस्यों तथा युवा साथियों ने सहभागिता की। अंत में अभियान प्रदेश प्रभारी जितेन्द्र सिंह रघुवंशी, प्रदीप रघुवंशी युवा जिलाध्यक्ष नर्मदापुरम, शुभम रघुवंशी अभियान जिला प्रभारी तथा रूपेश रघुवंशी अभियान ब्लॉक प्रभारी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

एक्सिस सर्विसमैन लीग के सामरोह में सम्मानित पूर्व सैनिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर के आवासीय खेल कूद संस्थान परिसर में एक्स सर्विसमेन लीग (पूर्व सैनिक लीग) के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सिल्वर जुबली (रजत जयंती) समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस दौरान पूर्व सैनिकों के बच्चों ने भारत माता को समर्पित कई देशभक्तिपूर्ण और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल राजीव शर्मा उपस्थित रहे। इसके साथ ही सुदर्शन चक्र कोर मुख्यालय से सुबेदार मेजर डी. राजू महादेव, सुबेदार मेजर एसके शाह विशेष रूप से शामिल हुए।

सामाजिक और प्रतिनिधियों की रही उपस्थिति : कार्यक्रम में शहर के प्रमुख समाजसेवियों और जन प्रतिनिधियों की भी उपस्थिति रही। इनमें समाजसेवी गगन नामदेव, मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति, अश्विन शर्मा और वरिष्ठ पत्रकार जुगल किशोर पटेल प्रमुख रूप से शामिल हुए। मुख्य अतिथियों द्वारा समारोह के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा 10 वीर नारियों को भारत माता का चित्र भेंट कर सम्मान दिया गया। वहीं देश सेवा में अपना योगदान देने वाले सौ अधिक सैनिकों को अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि कर्नल राजीव शर्मा ने महिलाओं की सुरक्षा और समाज में उनके सम्मान पर विशेष जोर दिया।

उन्होंने सैनिकों और उनके परिवारों द्वारा देश और समाज के प्रति दिए जाने वाले योगदान की सराहना की।

विश्व स्तनपान दिवस पर माखननगर में महिलाओं को दी जानकारी, कार्यक्रम किए

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



मां का दूध है सबसे अच्छा स्वस्थ रहे पिए जो बच्चा। माखन नगर विश्व स्तनपान सप्ताह 1 से 7 अगस्त के अंतर्गत परियोजना माखन नगर के सेक्टर नसीराबाद के आंगनबाड़ी केंद्र समोन मैं कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें उपस्थित महिलाओं के लिए जागरूक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में गर्भवती धात्री माता शिशु को स्तनपान कराने एवं 6 माह तक केवल मां का दूध पिलाने के महत्व की जानकारी दी सेक्टर सुपरवाइजर श्रीमती कमलेश वर्मा द्वारा बताया गया कि शिशु का शारीरिक एवं मानसिक विकास बेहतर होता है तथा मां और बच्चे दोनों का स्वास्थ्य सुरक्षित रहता है कार्यक्रम में ग्राम की महिला आशा कार्यकर्ता आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थी

बालिका के नाम से किया पौधरोपण

एक पेड़ बेटी के नाम कार्यक्रम का आयोजन केंद्र डांगी वाडा में किया गया इस अवसर पर श्रीमती कृष्णा द्वारा बालिका सानिया के नाम से स्कूल प्रांगण में आम का पौधा रोपित किया गया एवं उसे सुरक्षित रखने के लिए सक्षम प्रयास किए जाएंगे इस अवसर पर सेक्टर सपरवाइजर नसीराबाद श्रीमती कमलेश वर्मा एवं रेखा यादव आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ग्राम डांगीबड़ा एवं ग्राम की महिलाएं उपस्थित थी।

खबर संक्षेप



कलेक्टर ने ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया

हरदा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहाँ की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर जैन ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए। इस अवसर पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

अवैध मदिरा के विरुद्ध 10 प्रकरण दर्ज

हरदा। आबकारी विभाग के दल ने मंगलवार को मदिरा के अवैध विक्रय, परिवहन व संग्रहण के विरूद्ध कार्यवाही की। जिला आबकारी अधिकारी सुनील भोजने ने बताया कि इस दौरान आबकारी विभाग के दल ने हरदा शहर के खेड़ीपुरा, बैरागढ़, अनाज मण्डी के साथ-साथ हरदा-इन्दौर हाईवे किनारे 7 सीआर मारवाड़ी ढाबा, किसान ढाबा, संगम ढाबा, तलाई टप्पर एवं खेड़ा, अजनास रैयत, अजनास खुर्द, भंवरतालाब, बेसवा व मालपौन में छापामार कार्यवाही की। इस दौरान शराब के अवैध निर्माण, बिक्री और तस्करी करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही कर 5 लीटर हाथ भट्टी कच्ची महुआ शराब, 280 किलोग्राम महुआ लाहन, 63 पाव देशी शराब एवं 4 केन बोल्ट बीयर बरामद कर आबकारी अधिनियम 1915 के तहत कुल 10 प्रकरण दर्ज किये गये। जप्त मुद्देमाल का अनुमानित बाजार मूल्य 43788 रूपये है।

लोक सेवा गारंटी में लापरवाही, 3 पर कार्रवाई

हरदा। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत नागरिकों को चिन्हित सेवाएं निर्धारित समय सीमा में देने का प्रावधान है। इस अधिनियम के तहत सेवाओं को समय सीमा में न देने पर दोषी अधिकारी पर अर्थदण्ड लगाने का प्रावधान किया गया है। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत आवेदनों का समय सीमा में निराकरण न करने पर 3 अधिकारियों के विरूद्ध शास्ति अधिरोपित की है। जारी आदेश अनुसार पदाभिहित अधिकारी स्तर पर भगवानदास तमखानिया नायब तहसीलदार हरदा द्वारा 3 आवेदनों का समय सीमा में निराकरण न करने पर 3 हजार रूपये की शास्ति अधिरोपित की गई है। इसी प्रकार पदाभिहित अधिकारी स्तर पर देवशंकर धुर्वे तहसीलदार रहटगांव द्वारा 5 आवेदनों का समय सीमा में निराकरण न करने पर 2 हजार 5 सौ रूपये तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी सिराली जयंत वर्मा द्वारा एक आवेदन का समय सीमा में निराकरण न करने पर पाँच सौ रूपये की शास्ति अधिरोपित की गई है। शास्ति की यह राशि सात दिवस की समय सीमा में चालान द्वारा जमा कराने के निर्देश दिये गये है।

शहर की सुख-शांति व अच्छी बारिश के लिए निकली कांवड़ यात्रा



खरगोन। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी बाबा कांवड़ यात्रा पवन रघुवंशी किशोर रघुवंशी मामा के बेटे के अगुवाई में निकाली गई, जो नावड़ातौड़ी से नर्मदा जी का जल लेकर पैदल खरगोन आकर औरंगपुरा स्थित बड़घाटेश्वर महादेव पर जल चढ़ाया। कांवड़ यात्रा का विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया। पवन रघुवंशी ने कावड़ यात्रा के समापन पर बताया शहर के लिए सुख शांति अच्छी बारिश और निमाड़ की जनता की सफलता के लिए यह हर वर्ष यात्रा निकलता हूं। कांवड़ यात्रा में आकाश रघुवंशी, यश डंडीर, मोहित डंडीर, देवेंद्र डंडीर, युवराज रघुवंशी, संकेत रघुवंशी, सूर्या रघुवंशी, गणेश रघुवंशी, हितेंद्र दांगी, ऋषभ मालवीय, कृष्णा रघुवंशी, हरवंश रघुवंशी शामिल थे।

कृषि उप संचालक का दावा, जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध

खाद के लिए किसानों की लगी लंबी कतार मक्का की फसल पीली पड़ने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



जिले में किसानों को खाद के लिए भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। जिले के एमपी एग्रो और डीएमओ गोदामों पर खाद लेने के लिए किसानों की लंबी कतारें लग रही हैं। कई किसान तीन दिनों से खाद के इंतजार में खड़े हैं, जिससे उनकी मक्का की फसल पीली पड़ने लगी है। बुधवार सुबह से ही खाद वितरण केंद्रों पर किसानों की भीड़ जुटना शुरू हो गई थी। किसान खेतों का काम छोड़कर सुबह चार बजे से ही लाइन में लग रहे हैं, लेकिन कई घंटों के इंतजार के बाद भी उन्हें खाद नहीं मिल पा रही है। किसानों का कहना है कि जब उनकी बारी आती है, तब तक खाद खत्म हो जाती है। हालांकि, कृषि उप संचालक प्रकाश ठाकुर ने दावा किया है कि जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि फिलहाल जिले में 19 हजार मीट्रिक टन खाद मौजूद है, जिसमें 6 हजार मीट्रिक टन यूरिया शामिल है, जिसे किसानों को वितरित किया जा रहा है।

खाद वितरण केंद्रों पर लंबी कतारों का एक मुख्य कारण ई-टोकन व्यवस्था का अस्थायी रूप से स्थगित होना है। भोपाल में हुए किसान आंदोलन के बाद सरकार ने यह व्यवस्था रोक दी थी, जिससे किसानों को सीधे लाइन में लगना पड़ रहा है। किसान इस व्यवस्था को फिर से लागू करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन ई-टोकन प्रणाली में लिमिट बढ़ाने और पोर्टल को पूरे समय खुला रखने की शर्त के साथ। खाद के लिए सिर्फ पुरुष किसान ही नहीं, बल्कि महिलाएं भी अपने छोटे बच्चों और घर का काम छोड़कर लाइन में लगी हुई हैं। कई किसान तो जरूरी दस्तावेज लेकर रात से ही अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि खरीफ सीजन के इस महत्वपूर्ण समय में खाद की सबसे ज्यादा जरूरत है, खेतों में मक्का और सोयाबीन फ़सल को यूरिया की जरूरत है, लेकिन व्यवस्था की खामी का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है। इसके चलते मक्का की फसल पीली पड़ रही है। वहीं उन्हें डीएपी की जरूरत है। लेकिन उन्हें एनपीके थमाया जा रहा है। यदि समय से यूरिया नहीं मिलती तो मक्का का उत्पादन प्रभावित होगा।



किसानों की शिकायतों पर तहसीलदार ने किया वेयरहाउसों का निरीक्षण

हरदा। किसानों से प्राप्त शिकायतों के बाद तहसीलदार प्रिंसी जैन ने संबंधित अधिकारियों के साथ महेश वेयरहाउस एवं एसआर वेयरहाउस, का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खरीदी व्यवस्था, कृषि उपज के भंडारण, तौल प्रक्रिया तथा अभिलेखों का अवलोकन किया गया। तहसीलदार ने वेयरहाउस प्रबंधन एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों की उपज की खरीदी एवं भंडारण का कार्य शासन के नियमों के अनुरूप पूर्ण पारदर्शिता के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और शिकायत मिलने पर तत्काल जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ने किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याएं भी सुनीं तथा उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि खरीदी व्यवस्था में किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

एनएसयूआई ने प्रेसवार्ता की

छात्रसंघ चुनाव लिंगदोह समिति की सिफारिशों के अनुरूप कराएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने छात्रसंघ गठन को लेकर दायर जनहित याचिका पर राज्य सरकार को सितंबर तक प्रक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। फैसले के बाद हरदा में एनएसयूआई ने प्रेसवार्ता की। उन्होंने अदालत के फैसले के स्वागत किया। एनएसयूआई ने मांग की कि छात्रसंघ चुनाव लिंगदोह समिति की सिफारिशों के अनुरूप कराए जाएं। यह याचिका छात्र नेता अदनान अंसारी ने दायर की थी। न्यायालय के आदेश के बाद हरदा के आठ महाविद्यालयों में छात्रसंघ चुनाव की प्रक्रिया शुरू होने की संभावना है। प्रेसवार्ता में एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ पटेल ने कहा कि पिछले 9 सालों से छात्रसंघ चुनाव नहीं होने से विद्यार्थियों का लोकतांत्रिक प्रतिनिधित्व प्रभावित हुआ है। एनएसयूआई ने राज्य सरकार से मांग की कि हाईकोर्ट के निर्देश और लिंगदोह समिति की सिफारिशों के अनुरूप चुनाव कराए जाएं।

बिना लेट किए चुनाव कार्यक्रम और दिशा निर्देश जारी किए जाएं

बिना लेट किए चुनाव कार्यक्रम और दिशा-निर्देश जारी किए जाएं। संगठन ने कहा कि चुनाव प्रत्यक्ष निर्वाचन प्रणाली से कराए जाने चाहिए, ताकि प्रत्येक नियमित विद्यार्थी अपने प्रतिनिधियों का सीधे चुनाव कर सके। संगठन का कहना है कि अप्रत्यक्ष या मेरिट आधारित व्यवस्था में अधिकांश विद्यार्थी निर्णय प्रक्रिया से बाहर रह जाते हैं। एनएसयूआई ने यह भी कहा कि यदि सरकार समयबद्ध तरीके से चुनाव प्रक्रिया शुरू नहीं करती तो संगठन आंदोलन करेगा।

बाल सुरक्षा, शिक्षा, बाल विवाह की रोकथाम, बाल स्वास्थ्य के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा



बुधवार को हरदा जिले की शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चारखेड़ा, में विद्यार्थियों के लिए बाल सुरक्षा, शिक्षा, बाल विवाह की रोकथाम, बाल स्वास्थ्य एवं जेंडर इक्वालिटी विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में रविराज राजपूत ने छात्र-छात्राओं को बच्चों के अधिकार, सुरक्षित एवं सकारात्मक वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के महत्व, बाल विवाह से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्परिणामों की जानकारी दी। साथ ही बाल स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण, किशोर-किशोरी स्वास्थ्य तथा लैंगिक समानता (जेंडर इक्वालिटी) के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर विद्यार्थियों को बताया गया कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है तथा इसकी जानकारी मिलने पर तत्काल संबंधित विभाग या चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 अथवा स्थानीय प्रशासन को सूचना दें। सभी छात्र-छात्राओं से शिक्षा को प्राथमिकता देने, अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने तथा समाज में समानता एवं सम्मान की भावना को बढ़ावा देने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित विद्यार्थियों ने बाल विवाह रोकने, शिक्षा को बढ़ावा देने, बाल सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा लैंगिक समानता को अपनाने का संकल्प लिया। विद्यालय परिवार ने इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रमों को विद्यार्थियों एवं समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की। इस कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग से रविराज राजपूत, गजेन्द्र बरकरे, शुभम धार्मिक एवं स्कूल से शिक्षक गण उपस्थित रहे।

शंकर मंदिर के सामने जलभराव से ग्रामीण परेशान शिकायतों के बाद भी नहीं किया गया समाधान

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

ग्राम बालागांव में मुख्य मार्ग पर स्थित शंकर मंदिर के सामने लंबे समय से जलभराव की समस्या बनी हुई है। सड़क पर लगातार पानी भरा रहने से ग्रामीणों, श्रद्धालुओं और राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि सावन माह में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचते हैं, लेकिन मंदिर तक जाने के लिए उन्हें गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। इससे लोगों को असुविधा के साथ-साथ संक्रमण फैलने की आशंका भी बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार इस समस्या की शिकायत कई बार संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हो सका है। उनका कहना है कि जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से हल्की बारिश के बाद भी सड़क पर पानी भर जाता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र नाली निर्माण एवं जल निकासी की व्यवस्था कर सड़क को जलभराव से मुक्त कराने की मांग की है, ताकि मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं और ग्रामीणों को राहत मिल सके।



इनका कहना है...

ग्राम पंचायत सचिव रेवाराम शर्मा ने बताया कि क्षेत्र में नाली एवं पाइप लाइन निर्माण के लिए तकनीकी स्वीकृति (टीएस) तैयार की जा रही है। स्वीकृति मिलते ही कार्य शुरू कर समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा।

पेसा-एक्ट का उल्लंघन, ग्रामसभा की अनुमति भी आशंकाओं के घेरे में

पहाड़ी व सघन वनक्षेत्रों के तितरानिया क्षेत्र में खोल दी गई कंपोजिट शराब की दुकान



हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

पहाड़ी एवं सघन वनक्षेत्र के तितरानिया क्षेत्र में ठेकेदार ने शासकीय कंपोजिट-शराब खोल दी है। इसे आदिवासी समुदाय के नैसर्गिक-जीवन और प्राचीन परम्पराओं से छेड़छाड़ माना जा रहा है। जबकि पेसा एक्ट 1996 में ग्रामसभा को अपनी प्राचीन-सामाजिक परंपराओं की रक्षा का अधिकार है। इन हालातों में वन, आबकारी एवं पुलिस विभाग की अनुमति से कई सवाल उठ रहें हैं। इस समुदाय में आदिम काल से ही महुआ, अनाज, ताड़ी आदि से शराब बनाने और उसका उपयोग धार्मिक एवं सामाजिक रीति-रिवाजों में उपयोग की परम्पराएं हैं। जिसके अनुसार वे जन्म-मृत्यु, विवाह, फसल पकने पर नवई आदि में शराब से पूजन एवं प्रसाद के रूप में सेवन करते हैं।जिससे उन्हें महंगी-शराब खरीदने के लिए विवश किया जा रहा है।जिससे शासन द्वारा प्रदत्त उक्त अधिकारों का हनन हो रहा है।

आदिवासी-विरोधी माहौल से चिंता

आजादी के बाद शासन ने पहाड़ी एवं सघन वनक्षेत्रों में आदिवासी समुदाय के लोगों के अधिकारों को बरकरार रखा है। लेकिन वित्तीय-वर्ष 2026-27 में शराब दुकान संचालित की जा रही है। जिससे स्वछंद-माहौल में मद-मस्त रहने वाले उक्त समुदायों के नैसर्गिक-जीवन पर विपरीत असर हो रहा है। जिससे शासन-प्रशासन की आदिवासी-विरोधी छबि निर्मित हो रही है और वे आर्थिक-शोषण एवं मानसिक-प्रताडनाओं का शिकार हो रहा है। पेसा एक्ट 1996 में अधिकार सरकार ने पेसा एक्ट 1996 में आदिवासी समुदाय और ग्रामसभा के अधिकार एवं शक्तियां निहित की है।जिसके अनुसार अनुसूचित क्षेत्रों में शराब दुकान खोलने, बंद करने,स्थान बदलने और मादक पदार्थों के सेवन एवं बिक्री रोकने के अधिकार हैं। वहीं,प्राकृतिक संसाधनों में जल,जंगल,जमीन उनके पारंपरिक अधिकारों के संरक्षण और सामाजिक एवं सामुदायिक विवादों के आपसी-निराकरण का अधिकार है।

वन-अधिनियम 2006 में प्रावधान

इसके तहत वनग्रामों और वनक्षेत्रों में कोई भी व्यवसायिक गतिविधि शुरू करने से पहले ग्रामसभा की सहमति आवश्यक है। इसके अलावा उनके नैसर्गिक-जीवन और वनों पर आश्रित समुदायों के जीवन-यापन एवं सांस्कृतिक अधिकारों के संरक्षण का प्रावधान किया गया है।

अनुमति पर उठ रहे सवाल

ग्राम पंचायत तितरान्या में शासकीय शराब दुकान खोलने की सहमति दी गई है और यह निर्धारित-प्रक्रिया किन परिस्थितियों में पूर्ण की गई? इसे लेकर सवाल उठ रहें हैं। क्या ग्रामसभा आहूत कर,ग्रामीणों को जानकारी देकर अनुशंसा की गई है? अथवा प्रभावी लोगों के हस्तक्षेप से दस्तावेजों की पूर्ति की गई है? जिसकी निष्पक्ष जांच से ही वस्तु-स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। सम्पूर्ण मामले में शराब-कारोबारी सहित वन,आबकारी, पुलिस विभाग की भूमिका भी सवालों के घेरे में है। खरगोन वनमंडल के डीएफओ रमेश राठौर से दूरभाष पर संपर्क नहीं होने से उनकी प्रतिक्रया नहीं मिल सकी है। वहीं वन परिक्षेत्र तितरान्या के रेंजर पियूष प्रसाद ने बैठक में होने की जानकारी दी। जिससे उनसे भी चर्चा नहीं हो सकी है।

इनका कहना है...

ग्राम सभा में पारित प्रस्ताव में शराब दुकान की सहमति दी गई है और एक किसान के खेत में दुकान संचालित हो रही है। यह मेरी जानकारी में है।

नरेंद्र पटेल, सरपंच-पुत्र, ग्राम पंचायत,तितरान्या (झिरन्या)

पूर्व में झिरन्या में कम्पोजिट शराब दुकान संचालित हो रही थी,जिसका परिसीमन और प्रक्रिया का पालन कर, इस वित्तीय वर्ष में तितरान्या में शुरू की गई है।

सार्थक वर्मा, उप निरीक्षक, वृत्त भीकनगांव

यदि पहाड़ी-वनक्षेत्र में शराब दुकान संचालित हो रही है, जो रेंज मुख्यालय भी है। इस मामले में आवश्यक कार्रवाई की जावेगी।

बासु कनौजिया, वन संरक्षक, खंडवा वृत्त, खंडवा

वन क्षेत्र में शराब दुकान खोलना गलत है,जिससे हमारे समाज के लोगों में शराब पीने की आदत बढ़ेगी। जिससे आसपास के गांवों के लोगों में असंतोष है, इसे बंद करना चाहिए।

राजेश ओहरे, जनपद सदस्य पति, तितरान्या (पाडल्या)

एक पेड़ मां के नाम, पीएम और सीएम के विजन पर हाउसिंग का ग्रीन मिशन

अनाज के साथ ऑक्सीजन भी, खरगोन के 42 गोदाम होंगे हरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक पेड़ मां के नाम अभियान और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के हरित मध्यप्रदेश के संकल्प को धरातल पर उतारते हुए वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन ने प्रदेशभर में बड़ा अभियान छेड़ दिया है। कॉर्पोरेशन अध्यक्ष संजय नगायच के नेतृत्व में निगम के स्वयं एवं अनुबंधित सभी गोदामों में सघन पौधरोपण किया जा रहा है। इस मिशन का उद्देश्य है - जहां किसान का अनाज सुरक्षित हो, वहां प्रकृति भी सुरक्षित हो। इसी कड़ी में रविवार को खरगोन के वीरा वेयरहाउसिंग, मगरिया में हरियाली का संदेश गूंजा। शाखा प्रबंधक दिनेश ओसारी, वेयरहाउस संचालक संजय शर्मा, पुलिस पेंशनर्स संघ के रेंज अध्यक्ष शिवराम पाटीदार, गोदाम मैनेजर अशोक धनगर सहित बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने पौधरोपण में भाग लिया। इस दौरान परिसर में नीम, चीकू, जाम, जामुन, पारिजात, सिंगापुरी, एक झोरा, दिन का राजा, मोगरा, कश्मीरी गुलाब, गुड़हल, आम सहित 12 प्रजातियों के 61 पौधे लगाए गए।



वीरा वेयरहाउस अब बन रहा इको-मॉडल

इस वेयरहाउस की खासियत है कि यहां पहले से ही आम, जाम, आंवला, सीताफल, अनार, रामफल, कटहल, नींबू, शहतूत, बादाम, बिल्वपत्र, देशी चांदनी, रातरानी, कनेर, फालसा, कचनार, गुलमोहर, नीम आदि के विशाल पेड़ मौजूद हैं। ये पेड़ अब परिसर को ऑक्सीजन देने के साथ किसानों को छाया भी दे रहे हैं। संजय नगायच ने कहा कि पीएम मोदी और सीएम डॉ मोहन यादव के मार्गदर्शन में वेयरहाउसिंग ने ठाना है कि प्रदेश के हर गोदाम को हरित क्षेत्र में बदला जाएगा। उन्होंने बताया कि किसानों को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के लिए प्रदेश के 9815 गोदामों में यह अभियान चलाया जा रहा है। शाखा प्रबंधक दिनेश ओसारी ने बताया कि खरगोन जिले के 42 गोदामों में चरणबद्ध तरीके से पौधे लगाए जा रहे हैं। हर पौधे की सुरक्षा और देखभाल की जिम्मेदारी भी तय की गई है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने संकल्प लिया कि इस मानसून में हर गोदाम परिसर को हराभरा बनाया जाएगा।

जनशिक्षक और बीएसी भर्ती काउंसलिंग स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

समग्र शिक्षा अभियान के तहत जिले के विकासखंड शिक्षा केंद्रों में खाली पड़े विकासखंड अकादमिक समन्वयक और जनशिक्षक के पदों को भरने की प्रक्रिया को बड़ा झटका लगा है। जिला शिक्षा केंद्र द्वारा 5 अगस्त को डाइट सीहोर में आयोजित होने वाली काउंसलिंग को अपरिहार्य कारणों से अचानक निरस्त कर दिया गया है। जिला शिक्षा अधिकारी के अनुमोदन के बाद जिला परियोजना समन्वयक ने इस स्थगन का आधिकारिक आदेश जारी कर दिया है।

पूर्व में जारी समय-सारणी और निर्देशों (राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के पत्र क्रमांक 3740 और जिला शिक्षा केंद्र के पत्र क्रमांक 1381) के अनुसार 5 अगस्त को काउंसलिंग का आयोजन सीहोर डाइट में किया जाना तय था। हालांकि अचानक जारी किए गए नए आदेश के तहत इस प्रक्रिया को फिहाल रोक दिया गया है। विभाग का कहना है कि काउंसलिंग की संशोधित और नई तारीख की सूचना जल्द ही पृथक से जारी की जाएगी। इस संबंध में जिले के समस्त उच्च श्रेणी शिक्षकों और माध्यमिक शिक्षकों को सूचित कर दिया गया है। बता दें राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल ने सत्र 2026-27 के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए थे।